52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 17.2 °c | अधिकतम 31.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:34 सूर्यास्त : 5:30 | वर्ष : 52/ अंक : 305 | सोमवार, 04 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

सफलता की वह ऊंचाई किसी अभिशाप से कम नहीं, जो इंसानियत और दयाभाव खोकर प्राप्त की गई हो।

'बंटेंगे तो कटेंगे' यह नारा देश के इतिहास में 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा : अखिलेश यादव

तो क्या..... यह नारा ऐतिहासिक है?.....

भाइयों के ललाट पर सजे तिलक, उपहार पाकर इठलाई बहनें

- छोटे बच्चों की किलकारियों से गूंजे घर द्वार, खूब हुई मस्ती
- दीपों के पंच पर्व महोत्सव की खुशनुमा माहौल में हुई विदाई
- भाइयों ने बहनों को उपहार देकर दोहराया रक्षा का संकल्प

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। रविवार को दीपों के पंच पर्व महोत्सव के अंतिम दिन देशभर में भैय्यादूज पर्व पूर्ण आस्था, विश्वास एवं प्रेम के अटूट बंधनों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर मुख्यालय के साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों और अन्य कस्बों तक भाई-बहन के अमिट प्रेम के प्रतीक भैय्यादूज पर्व पर गंतव्य पर जाने की जल्दी में बड़ी संख्या में लोगों को निजी वाहनों के साथ अन्य माध्यमों का प्रयोग करते देखा गया। इस बीच दूरस्थ क्षेत्रों से निजी एवं प्राइवेट वाहनों के बूते गंतव्य पर पहुंचे भाइयों को बहनों के द्वारा ललाट पर मंगल तिलक लगाकर दीघार्यु होने की मंगल कामना की। इसके साथ ही गोला, खील-पताशे एवं मिठाई समेत अन्य उपहार भेंट किए। वहीं इस दौरान भाइयों ने विभिन्न उपहारों के साथ में नकद धनराशि देते हुए जीवन प्रयन्त बहनों की सुरक्षा और रक्षा का संकल्प भी दोहराया। रविवार को इस बीच घरों में सुबह से शुरू आवागमन का दौर देर सायं तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिए।

रविवार को दीपों के पंच पर्व महोत्सव का समापन पूर्ण आस्था एवं हर्षोल्लास के बीच संपन्न हो गया। इस दौरान भाई-बहन के अमिट प्रेम के प्रतीक भैय्यादूज पर्व पर नगर मुख्यालय से हाइवे समेत अन्य संपर्क मार्गो व दूरस्थ ग्रामीण अंचलों और कस्बों में दीपों के पंच पर्व के अंतिम सौपान के बीच सनातन संस्कृति के साथ देश में बहने वाली अनेकता में एकता की मिसाल को भी कायम किया। भैय्यादूज के इस पर्व पर वह क्षण हर किसी को आकर्षित किए बिना नहीं रहे, जब दशकों पूर्व गांव की गलियों से नेशनल हाइवे तक की तेज रफ्तार दौड़ती जिंदगी के बीच घरों से बाहर इस बीच हर ललाट पर बस लाल तिलक चमक उठा। वहीं भाइयों के इंतजार में पलकें बिछाए बैठी बहनों की झांकी भी किसी को क्षण भर को थम जाने का संकेत देती दिखी। इस बीच भाई-बहन के इस प्यार के अनोखे संगम के साथ बहनों का मंगल तिलक के साथ भाइयों ने भी बहनों को रक्षा के वचन संग प्रेमोपहारों की भेंट देना वास्तव में किसी बड़े अद्भुत संजोग से कम नहीं रहा। सनातन संस्कृति के अनुसार रविवार को यम द्वितीया यानि भैय्यादूज पर्व देश भर में पूरे उल्लास के साथ में मनाया गया। ऐसे में शायद कोई घर शेष बचा हो जहां भाई अपनी बहनों के लिए रक्षा वचन के साथ उपहार लेकर न पहुंचे हों। वहीं दिन भर सड़कों पर भागदौड़ के साथ मिठाइयों व अन्य दुकानों पर भारी भीड़ जुटी रही। भैय्यादूज पर्व पर छोटे बच्चों के लिए खास उत्साह से उमंग से भरा दिन रहा, ऐसे में बच्चों ने दिनभर मस्ती कर हुड़दंग किया जहां उन्हें कोई रोकटोक का भय दिखाई नहीं दिया। हालांकि कई परिवारों में बीती शाम से ही भाइयों के बहन के यहां पर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था, जो आज सुबह दिन भर भी जारी रहा। इस दौरान घरों में खास तैयारियों के बीच दाल-छोले-चावल व नाश्ते का इंतजाम किया। भैय्यादूज के दिन वैसे तो खिचड़ी का रिवाज है, लेकिन वक्त के साथ बदलाव के बीच अब भाइयों के लिए पकवान और मिठाइयां भी घरों में बनाई जाने लगी हैं। भाई-बहन के अमिट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के बाद वर्षभर में भैय्यादूज का पर्व ऐसा पर्व है, जिसमें भाई बहनों के लिए प्रेम का प्रतीक उपहार लेकर जाते हैं। इस बीच टीके की रस्म होने तक भाई-बहनों ने निराहार रहकर, अपने व्रत धर्म को निभाए जाने की परंपरा है। दीपों के पंच पर्व के अंतिम पड़ाव के बीच में इसी परंपरा को निभाते हुए तमाम बहनों ने अपने भाइयों के ललाट पर तिलक करने के साथ में मुंह मीठा किया। इस दौरान घरों में छोटे बच्चों की किलकारी और मस्ती को लेकर परिवारों में विशेष उत्साह देखते को मिला।

भाई के ललाट पर तिलक

शाहपुर के गांव शाहजुड़्ड़ी का जवान जम्मू कश्मीर में हुआ बलिदान

विवेक देशवाल की शहादत से शाहपुर क्षेत्र में शोक की लहर

शाहपुर, 03 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव शाहजुड़्ड़ी निवासी सेना का जवान जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए देश की रक्षा करते बलिदान हो गया। देर रात आर्मी के अधिकारियों ने जवान के घर सूचना दी तो घर मे कोहराम मच गया। स्वजनों के अनुसार जवान का पार्थिव शरीर सोमवार को पहुचेगा। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव शाहजुड़्ड़ी निवासी विवेक देशवाल पुत्र सन्तरपाल देशवाल सेना में जवान था 2015 में सेना में भर्ती होने के बाद पिछले 3 वर्षो से जम्मू कश्मीर में तैनात था। 30 वर्षीय जवान विवेक देशवाल की तैनाती श्रीनगर में थी। शनिवार देर रात को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में बलिदान हो गया। आर्मी की और से अधिकारियों ने फोन कर बलिदानी जवान के घर पर सूचना दी तो घर मे कोहराम मच गया। स्वजनों को आर्मी अधिकारियों ने बताया कि विवेक देशवाल के सिर में छह गोलियां लगी है। स्वजनों के अनुसार सेना के साथ मुठभेड़ थी या आतंकी हमला हुआ इसकी सही जानकारी नही दी गयी। सोमवार को आर्मी जवान का पार्थिव शरीर दिल्ली एयरपोर्ट पहुचने के बाद गांव शाहजुडडी लाया जाएगा। अपने तैनाती स्थल से घर पर वीडियो कॉल कर अपने परिवार के साथ दीपावली पूजन कराने के साथ शनिवार दोपहर को भी अपने पिता से गोवर्धन पूजा किस समय है कि जानकारी लेकर रात में गोवर्धन पूजा के समय वीडियो कॉल करने को कहा था। परिवार के लोग शाम के समय उसकी कॉल आने का इन्तेजार कर पूजन कर लिया। लगभग 10 बजे आर्मी की और से आई फोन कॉल ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया। बलिदानी विवेक देशवाल की माता का बीमारी के चलते इसी वर्ष अप्रैल में निधन हो गया था। माता की बीमारी के समय दिल्ली में अस्थाई तैनाती के बाद विवेक पुनः श्रीनगर भेज दिया गया था। घर पर पिता, पत्नी व एक पांच वर्षीय लड़का व साढ़े तीन वर्षीय लड़की है। विवेक देशवाल के बलिदान होने की सूचना पर परिवार सहित पूरे गांव में शोक छा गया। पत्नी व पिता का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना देने के बाद से आर्मी के अलग अलग स्तर के अधिकारी स्वजनों के सम्पर्क में है। मेरठ यूनिट के अधिकारियों ने भी स्वजनों से सम्पर्क कर उन्हें सांत्वना दी।

गोवर्धन को खंडित करने के मामले में आठ नामजद, दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। गोवर्धन पूजा की शाम दिन शनिवार को कच्ची सड़क स्थित केवलपुरी मौहल्ले में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा गोवर्धन को खंडित करने का प्रयास किया था, जिसमें पीड़ित परिवार की महिलाओं व बुजुर्गों से मारपीट भी की गयी थी। देर रात माहौल गर्माने के बाद स्वयं मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एएसपी व्योम बिंदल भी मौके पर पहुंचे थे, जहां मंत्री कपिल देव अग्रवाल व पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने एसएसपी से स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही न हुई तो आम आदमी का कानून से विश्वास उठ जाएगा। पुलिस ने रविवार को कार्यवाही करते हुए आठ नामजद सन्नो पत्नी आस मौहम्मद, समीर, नवाब, माजिद पुत्रगण नफीस, आस मौहम्मद, आदिल, आसिर्फ पुत्रगण आस मौहम्मद, आरिफ समेत दस अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि समीर, नवाब, व सन्नो तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर में लिखित रूप से गोवर्धन पर थूकने की सूचना पुलिस को दी गयी है।

ट्रेनों से बसों तक नहीं दिखाई दी कहीं राहत, यात्री रहे बेहाल

रविवार को हाईवे से संपर्क मार्गो तक हर ओर दिखा जाम

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। त्यौहारी सीजन के बीच रविवार को अलसुबह से देर रात्रि तक संपर्क मार्गो से हाईवे तक हर ओर दुपहिया और चोपहिया वाहनों के साथ रेलवे स्टेशन और रोडवेज व प्राइवेट बस स्टैंड पर गंतव्य की ओर जाने वालों के बीच मारामारी जैसा माहौल देखने को मिला। ऐसे में जहां एक ओर रेलवे स्टेशन के साथ बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई दी। वहीं दूसरी ओर निजी वाहनों के माध्यम से गंतव्य की ओर जाने के लिए तमाम लोगों इधर से उधर दौड़ते दिखे। इस सबके बावजूद बड़ी संख्या में इन लोगों को वाहनों के माध्यम से परिवार संग भटकते देखा गया। दीपों के पंच पर्व दीपावली पर भैय्यादूज पर्व पर बहनों के घर जाने की जल्दी में रविवार को अलसुबह से देर रात्रि तक भारी भीड़ से ट्रेनों और बसों में लोगों को मुसीबतों का सामना करने को इस बीच विवश होना पड़ा। इस बीच यात्रियों की भारी भीड़ होने के कारण ट्रेनों और रोडवेज बसों में दिनभर तिल रखने की जगह नहीं मिली। ऐसे हालातों के बीच में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड परिसर के बाहर तक लोगों के आवागमन का क्रम दिनभर देखने को मिला। हालांकि इस बीच में ट्रेन और रोडवेज बस दोनों में ही सीट के लिए नहीं खड़े होने के लिए यात्री मशक्कत करनी पड़ी। इस बीच रोडवेज के अधिकारियों ने त्यौहारी सीजन के बीच जिले में यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त बसों के फेरे बढ़ाए थे, लेकिन वें भी नाकाफी साबित हुए। वहीं तमाम ट्रेनों में हालात इससे भी बुरे दिखाई दिए। ऐसे में ट्रेनों में यात्री सीटों के साथ में गेट व गलियारे के साथ बाथरूम तक में बैठकर सफर करने को मजबूर दिखे। ऐसे हालातों में जहां एक ओर न तो किसी के सामान की चेकिंग हुई और न ही किसी संदिग्ध पर इस दौरान नजर रखी गई। बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर एक जैसी ही स्थिति दिखी।

गंग नहर में अज्ञात शव मिला

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव सिखरेड़ा स्थित नहर के पुल के समीप नहर में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुँची पुलिस व ग्रामीणों को शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर मोर्चरी भिजवा दिया।

रविवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि गांव सिकरेड़ा के समीप गंग नहर पुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर ग्रामीणों व राहगीरों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव मोर्चरी भेज दिया है। इंस्पेक्टर बबलू वर्मा का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

दर्जनों सम्प्रदाय विशेष के युवकों ने घर में घुसकर युवती को उठाने का प्रयास

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। कस्बे की भुम्मा रोड पर सम्प्रदाय विशेष के दर्जनों युवकों ने एक युवती के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए युवती को उठाकर ले जाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर भीड़ जमा हो जाने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी।

कस्बे की भुम्मा रोड निवासी युवती काजल पुत्री रोहताश ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे वह अपने घर में बैठी थी। इसी दौरान दूसरे सम्प्रदाय का युवक इमरान पुत्र शीनू अपने कई साथियों के साथ वहाँ आया तथा उसके साथ गाली-गलौंच करते हुए उसके कई थप्पड़ मार दिए। आरोप है कि पीड़िता ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी युवक उसे घर से खींचकर उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे, जिस पर युवती व उसकी माँ ने शोर मचाया, तो शोर सुनकर आसपास के अन्य लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देखकर आरोपी बेखौफ होकर उनके सामने ही रात में युवती को उठाकर ले जाने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुँची। आरोप है कि मौके पर पहुँचे पुलिसकर्मियों ने पीड़िता से घटना की जानकारी ली। आरोप है कि मौहल्लेवासियों द्वारा पुलिस को सारी जानकारी देने के बावजूद पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही थी, जिसके चलते मौहल्लेवासियों में पुलिस के प्रति रोष फैल गया। आरोप है कि पुलिस एक दलाल के साथ मिलकर आरोपियों से सांठगांठ करके मामले को रफा-दफा करने में लगी हुई है। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

आरोपी युवकों की असलाह लेकर आने की आडियो वायरल

मीरापुर। पीड़िता के मौहल्लेवासियों के अनुसार युवती को उठाकर ले जाने का प्रयास करने वाले दो युवकों की एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें आरोपी युवक फोन पर अपने साथियों से बात कर रहा है तथा उनसे असलाह लेकर आने को बोल रहा है, तो दूसरा बोल रहा है कि कार और बाइक निकलने का रास्ता भी साफ है, तुम जल्दी आओ।

दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन

नयी दिल्ली 03 नवंबर (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एशिया को सुदृढ़ बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका' है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरे एशिया के विभिन्न बौद्ध परंपराओं के संघ नेताओं, विद्वानों, विशेषज्ञों और चिकित्सकों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि संवाद को बढ़ावा दिया जा सके, समझ को बढ़ावा दिया जा सके और बौद्ध समुदाय के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड हमला, ग्यारह लोग घायल

श्रीनगर 03 नवंबर (वार्ता) श्रीनगर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के पास भीड़भाड़ वाले संडे मार्केट में रविवार को आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में कम से कम 11 नागरिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनेड श्रीनगर में टीआरसी के पास संडे मार्केट में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर फेंका गया था, जो चूक गया और सड़क पर फट गया। जिससे 11 पैदल यात्री घायल हो गए।

पूर्व सभासद और व्यापारी नेता ने गोली मारकर की आत्महत्या

फर्रुखाबाद 03 नवंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में, बीमारी से तंग आकर भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व सभासद व्यापारी अशोक पालीवाल ने रविवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस एवं पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जटवारा निवासी भाजपा कार्यकर्ता पूर्व सभासद व्यापारी की उम्र करीब 60 वर्ष थी और घटना को अंजाम देने के समय वह घर पर अकेले थे, पत्नी बच्चे मुरादाबाद में थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने बताया कि मृतक के पास से बरामद सुसाइड नोट के अनुसार अशोक पालीवाल ने बीमारी से तंग आकर के आज प्रातः गोली मारकर आत्महत्या की।

नानी के घर रह रहे दो नाबालिग सगे भाई-बहन के लापता होने से सनसनी

- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक बुर्कानशी महिला बच्चों को ई रिक्शा में ले जाती नजर आई
- बच्चों की नानी व मौसा ने जताई अनहोनी की आशंका

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। पिछले चार वर्षो अपनी नानी के घर रह रहे दो मासूम सगे भाई-बहन मदरसे से पढ़कर घर लौटते समय रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक बुर्कानशी महिला दोनों बच्चों को ई-रिक्शा में ले जाती नजर आ रही है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई। लापता बच्चों की नानी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।



कस्बे के मौहल्ला कासमपुरा निवासी रुकसार का करीब 12 वर्ष पूर्व कांधला थानाक्षेत्र के कस्बा गंगेरू निवासी तहसीन के साथ निकाह हुआ था। करीब पांच वर्ष पूर्व दोनों के बीच विवाद हो गया था, जिसके चलते रुखसार बच्चों के साथ अपने मायके आ गयी थी, किन्तु कुछ समय बाद रुखसार मायके में ही अपने दोनों बच्चों नेहा व समद को छोड़कर रहस्यमय तरीके से लापता हो गयी थी, तभी से दोनों बच्चे नेहा (10वर्ष अब) तथा समद (8वर्ष अब) अपने ननिहाल में अपनी नानी छोटी पत्नी ईशा के पास रह रहे थे। स्टेट बैंक के निकट मदरसा जामिया हुसैनिया दारुल उलूम में पढ़ रहे थे। चार दिन पूर्व 31 अक्टूबर की सुबह दोनों बच्चे मदरसे में पढ़ने के लिये गये थे, किन्तु छुट्टी के बाद भी दोनों मासूम घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन दोनों बच्चों का कोई पता नहीं लग सका। तो नानी छोटी व मौसा मशरुर ने बच्चों को तलाश किया, किन्तु कोई जानकारी न लगने पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर मौके पर पुलिस ने बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक बुर्कानशी महिला दोनों (भाई-बहन) बच्चों को ई-रिक्शा में ले जाती दिखाई दी। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद लापता बच्चों की नानी छोटी की तहरीर पर दोनों बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर की है। पुलिस अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चों की तलाश में जुटी है। लापता बच्चों की नानी छोटी व मौसा मशरुर ने अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं मामले पर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है, बच्चों की तलाश की जा रही है। जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

मां भी चार वर्ष पूर्व चली गयी थी छोड़कर

मीरापुर। लापता हुए दोनों बच्चों नेहा व समद के साथ शायद किस्मत भी खेल, खेल रही है। दोनों के जन्म के बाद माता-पिता में विवाद हो गया, जिसके बाद करीब चार वर्ष पूर्व इनकी माँ भी रहस्यमय परिस्थिति में घर से चली गयी थी, जिसका आज तक कोई सुराग नहीं लग सका, अब दोनों बच्चे लापता हो गए।

सरे बाजार में युवती से छेड़छाड़, मुकदमा

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। एक ब्यूटीपार्लर पर कार्य करने वाली युवती के साथ सरे बाजार में एक युवक व उसके दो साथियों ने छेड़छाड़ कर दी। छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के गांव तुलहेड़ी निवासी एक युवती मीरापुर में एक ब्यूटीपार्लर पर ब्यूटीशियन का कार्य करती है। युवती का आरोप है कि शनिवार को वह ब्यूटीपार्लर पर जा रही थी, उसी दौरान मैन बाजार में मौहल्ला मुश्तर्क निवासी शाहनजर अपने दो साथियों के साथ आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि जब युवती ने छेड़छाड़ का विरोध किया, तो शाहनजर व उसके दोनों साथी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस ने युवती की तहरीर पर शाहनजर को नामजद व दोनों अज्ञात साथियों के विरुद्ध छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

शामली के लिलौन से भाईदूज की कोथली लेकर बहन के घर जा रहे थे गंगेरू

शामली, 03 नवम्बर (एजेंसी)। बाइक सवारों को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांधला के लिलौन गांव से रविवार को भैयादूज पर बहन की कोथली लेकर जा रहे चाचा भतीजे की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव लिलौन निवासी राहुल रविवार को अपने 6 वर्षीय पुत्र किट्टू और 8 वर्षीय भतीजे रौनक के साथ दोपहर करीब एक बजे गांव गंगेरू में अपनी बहन डोली के यहां कोथली लेकर जा रहा था। जैसे ही वे द गोल्ड पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे, तो पीछे से तेज गति से आ रही कार की टक्कर बाइक में लग गई। मौके पर ही राहुल और उसके भतीजे रौनक की हो गई। जबकि राहुल के पुत्र की हालत नाजुक बनी हुई है। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। वहीं परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई थी।

ससुराल के बाहर धरने पर बैठी नवविवाहिता

शामली, 03 नवम्बर (एजेंसी)। थानाभवन के गांव मनट में ससुराल पक्ष के लोगों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए नवविवाहिता ने मोर्चा खोल दिया। जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने पुत्रवधू को घर से निकाला तो नवविवाहिता ने घर के दरवाजे पर धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जरूर, लेकिन सिर्फ मूकदर्शक बनी रही। गांव दुल्ला खेड़ी की रहने वाली शिवानी पुत्री विक्रम की शादी गाव मनट मंटी में 24 मार्च को हुई थी। शादी के बाद दो बार नवविवाहिता मायके गई थी। अब पहली दीपावली के दौरान मायके गयी थी। आरोप है कि शनिवार रात नवविवाहिता को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने घर में घुसने नहीं दिया। विवाहिता ससुराल के बाहर ही अपनी बहन के साथ धरने पर बैठ गई। हालांकि, सुबह के समय पीड़िता मायके चली गई। पीड़िता ने बताया कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, तब तक विरोध जारी रहेगा। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ससुराल वालों से पूछा जाएगा कि आखिर वे ऐसा क्यों कर रहे हैं।

बरेली में चाट का ठेला लगाने वाले युवक की पीट-पीट कर हत्या

बरेली 03 नवम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बरेली कैंट थाना क्षेत्र में चाट का ठेला लगाने को लेकर शनिवार रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट में एक युवक की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को हत्या आरोपी मेवाराम और उसके पुत्र सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि शिकायती पत्र पर मेवाराम और उनके दोनों बेटे सुनील और मुनील के विरुद्ध कैंट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया मेवाराम और उसके पुत्र सुनील को गिरफ्तार लिया है। गौरतलब है कि थाना कैंट क्षेत्र में बारी नगला गांव में हाट (बाजार) लगता है, जिसमें गांव के ही मेवाराम और उनके दोनों बेटे सुनील व मुनील चाट -पकौड़ी का ठेला लगाते थे। आरोप है कि गांव का राजीव भी वहां ठेला लगाने लगा। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। तभी से आरोपित पक्ष रंजिश मानने लगे। मृतक राजीव के बेटे अरविंद का आरोप है कि शनिवार रात साढ़े नौ बजे उनके पिता राजीव दरवाजे के बाहर खड़े हुए थे। इसी बीच मेवाराम और उनके दोनों बेटे सुनील व मुनील आए और गाली गलौंच करने लगे। पिता ने जब विरोध किया, तो आरोपितों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में भी चोट लगी और वह बेहोश हो गए। जब तक परिवार वाले बाहर निकलकर आए, तब तक आरोपित फरार हो चुके थे। डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजीव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जय बाबा केदार के जयघोष के साथ श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

श्री केदारनाथ धाम, 03 नवंबर, (वार्ता) विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 08:30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नमः शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था ।

जंगल में चल रही अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

भारी मात्रा में बने व अधबने तमंचे व तमंचे बनाने के उपकरण बरामद

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। मीरापुर पुलिस ने भुम्मा नहर पुल के समीप एक गन्ने के खेत में चल रही अवैध शस्त्र बनाने फैक्ट्री पकड़ ली। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में बने तथा अधबने तमंचे तथा तमंचे बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार बनाने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि शनिवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि भुम्मा नहर पुल के समीप एक गन्ने के खेत में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है, जिसमें एक व्यक्ति अवैध तमंचे बना रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताए गए खेत की घेराबंदी करते हुए छापेमारी की, तो पुलिस को वहाँ तमंचा फैक्ट्री चलती मिली, जिसमें एक अवैध शस्त्र बनाते एक युवक को पुलिस ने मौके से दबोच लिया। पुलिस को मौके से दो तैयार तमंचे 12 बोर, दो तैयार तमंचे 315 बोर, दो तैयार मस्कट 12 बोर व दो कारतूस व कई अधबने तमंचे तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भुम्मा निवासी निसार पुत्र यासीन बताया। इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी पर जनपद के थाना सिविल लाईन व थाना मीरापुर में आधा दर्जन से भी अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी का चालान कर दिया।

सवा दो किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि डिगडेरा मार्ग पर स्थित रजवाहे के समीप से भोपा थानाक्षेत्र के गांव रुड़कली निवासी अलीम पुत्र इस्तियाक को मुखबिर की सूचना पर सवा 2 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए गंजे का बाजार मूल्य करीब 25 हजार रुपये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालान कर दिया है।

कातिलाना हमले में मुकदमा दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

पुरकाजी, 03 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव खेडकी में गत दिवस हुए दो पक्षो के विवाद में तीन लोगो के विरूद्ध कातिलाना हमले की धाराओ में मुकदमा किया है। पुलिस ने दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। गत दिवस गांव खेडकी में रामकुमार व मिथुन पक्ष में मारपीट हो गयी थी जिसमें पुलिस ने दोनो पक्षो के विरूद्ध मारपीट की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था किन्तु शनिवार की प्रातः रामकुमार डेयरी पर दूध देने जा रहा था जिस पर मिथुन पक्ष के व्यक्ति द्वारा फायरिंग की थी जिसमें रामकुमार घायल हो गया था। घायल के पुत्र अरूण की तहरीर पर मिथुन, अभिषेक आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने अभिषेक को अवैध तमंचे व खोखे के साथ गांव हुसैनपुर के पास से तथा अक्षय को धुमनपुरी से गिरफतार कर लिया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 03 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1822: दिल्ली में जल आपूर्ति योजना की शुरूआत हुई थी। 1822: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने मैरी टोड से शादी की थी। 1936: प्रख्यात गणितज्ञ शकुंतला देवी का जन्म। 1947: कश्मीर के बडगांव के मेजर सोमनाथ शर्मा को पहला परमवीर चक्र मिला था। 1954: दार्जिलिंग में हिमालयन पर्वतारोहण की संस्था की स्थापना की गई थी। 1956: हंगरी में बगावत को कुचलने के लिए सोवियत सेनाएं वहां पहुंची। 1970: प्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित शम्भू महाराज का निधन हो गया था। 1979: ईरान में बंधक संकट की शुरूआत। तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर ईरान के उग्रवादियों ने हमला कर वहां मौजूद लोगों को बंधक बनाया। बहुत से लोगों को एक वर्ष से अधिक समय तक बंधक रखा गया। 1980: हॉलीवुड के पूर्व अभिनेता और कैलिफोर्निया के गवर्नर रोनाल्ड रीगन ने जिमी कार्टर को बड़े अंतर से हराकर अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव जीता। 1984: ओ. बी. अग्रवाल अमेच्योर स्नूकर में विश्व चैंपियन बने। 1995: शिमोन पेरेज और यासर अराफात के साथ 1994 में नोबेल शांति पुरस्कार साझा करने वाले इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जक राबिन की एक शांति रैली के दौरान यहूदी उग्रवादियों ने हत्या कर दी। 2001: जे के रोलिंग्स की मशहूर हैरी पॉटर श्रृंखला पर बनी पहली फिल्म हैरी पॉटर एंड द सारसर्स स्टोन का लंदन में प्रीमियर। 2008: डेमोक्रेटिक पार्टी के बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति बने। वह इस पद पर पहुंचे अफ्रीकी मूल के पहले अमेरिकी नागरिक थे। 2018: दिल्ली में यमुना नदी पर बने विशाल सिग्नेचर ब्रिज का उद्घाटन। लोहे की मजबूत तारों से बने 154 मीटर ऊंचे इस सुंदर ढांचे को दिल्ली का नया हस्ताक्षर कहा गया।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 04 नवम्बर, 2024

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध।

वृषभ- आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

मिथुन- आज दिन 3/44 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।

कर्क- आज दिन 3/44 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।

सिंह- विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, मानसिक शान्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।

कन्या- स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक, आवागमन।

तुला- आज दिन 3/44 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में कमी, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आर्थिक उन्नति, आत्मिक शांति।

वृश्चिक- आज दिन 3/44 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग अभाव, लाभ।

धनु- कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति से खुशी।

मकर- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

कुम्भ- आज दिन 3/44 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में धार्मिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क का सुयोग, यात्रा।

मीन-आज दिन 3/44 तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता की ओर, अकल्पित लाभ, शेष समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

मशक्कतों से भरा सफर... मुजफ्फरनगर-शुकतीर्थ मार्ग पर भयंकर जाम की समस्या से लोग हो रहे परेशान, लाख प्रयासों के बावजूद नहीं हो पा रहा समाधान

जी का जंजाल बन रहा भोपा गंगनहर पुल का जाम, पुलिस को भी छूट रहे पसीने

भोपा, 03 नवम्बर (बु.)। कस्बा वासियों के लिए जाम की समस्या अब नासूर बन गई है। मुजफ्फरनगर शुक्रतीर्थ के मुख्य सड़क पर गंग नगर पुल भोपा में हो रही जाम की समस्या से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। जहां जाम की समस्या से लोग परेशान हैं। सड़क किनारे दो पहिया व चार पहिया वाहनों को खड़ा करना जाम का प्रमुख कारण है। इस समस्या पर प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रविवार को मुख्य सड़क पर लगी भीषण जाम में फअसे लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर था। जबकि जाम को खुलवाने भोपा पुलिस के पसीने छूट गए। हालांकि यह समस्या पहली बार नहीं हुई है। थाना से महज कुछ ही दूरी पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। लेकिन प्रशासन मौन धारण कर सब तमाशा देखते रहते हैं। लोगों को मिनटों के सफर में घंटों लग जाते है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मुजफ्फरनगर शुक्रतीर्थ मुख्य सड़क पर रुक-रुक कर जाम से लोग जूझते हैं, मिनटों का सफर घंटों में तय करने को लोग मजबूर हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से सड़क पर जबरदस्ती नाश्ता, सब्जी आदि की दुकान सज रही है। दुकान के निकट लोग अपना दो पहिया वाहनों को खड़ा कर घंटों तक फरार हो जाते हैं। नतीजा सड़क पर आए दिन भीषण जाम की समस्या बन जाती है।

पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के नंगला मुबारिक गंगनहर पुल पर लगा जाम

जानसठ, 03 नवम्बर (बु.)। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंगला मुबारिक के पास गंगनहर के पुल पर जाम लगा रहा। जाम लगने से वाहन रेंगते हुए नजर आए। पुलिस कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था बनाई तथा धीरे-धीरे वाहनों को निकाला। सिखेड़ा थानाक्षेत्र के गांव नंगला मुबारिक के पास पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के गंगनहर पुल पर जाम लग गया। रविवार की शाम लगभग पांच बजे गंगनहर पुल पर वाहनों की लाइन लग गई। वाहन रुकने की वजह से पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जिसकी वजह से पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के गंगनहर पुल पर जाम लग गया। जाम लगने से वाहन चालको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुपहिया वाहन चालक और ई-रिक्शा चालकों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यवस्था बनाकर धीरे-धीरे वाहनों को निकलवाया।

धूमधाम के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया बहन-भाई के अटूट प्रेम का पर्व भाईदूज, बसों में रही भीड़

मीरापुर, 3 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र में भाईदूज पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक किए भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट किये। सुबह से ही बसों में सवारियों की भारी भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से अलग-अलग प्वांइट पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक भाईदूज पर्व के अवसर पर बहनों ने भाईयों का तिलक किया, तो भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर मिठाई व खील की दुकानों पर भारी भीड़ रही। सुबह से ही सड़कों पर बाइकें दौड़ती हुई नजर आई तथा बसों में भारी भीड़ रही। मुजफ्फरनगर-मीरापुर-मवाना रुट पर चलने वाली प्राइवेट बसों में भी सवारियों को ले जाने के लिए परिचालक एक-दूसरे से जद्दोजहद करते नजर आए। वहीं रोडवेज बसों में भारी भीड़ रही। भाई-बहनों को एक-दूसरे के यहां जाने के लिए दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। त्यौहार के मद्देनजर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने अलग-अलग प्वाइंट बनाकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाए रखी।

परंपरागत तरीके से मना भैया दूज का पर्व

जानसठ, 03 नवम्बर (बु.)। कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम व सौहार्द का पर्व भैया दूज रविवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। इसमें बहनें अपने भाइयों के लिए दीघार्यु होने और सुख-समृद्धि के लिए कामना करती हैं। बहनें अपने भाइयों को तिलक कर उन्हें मिष्ठान खिलाती हैं। इस पर्व को लेकर दिनभर बाजार गुलजार रहे। बहनों ने अपने भाइयों के लिए बाजारों में मिठाइयां खरीदी। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देने को बाजारों से गिफ्ट खरीदें, जिसको लेकर बाजारों में काफी भीड़भाड़ रही।

बस की टक्कर से साइकिल सवार पति-पत्नी घायल

जानसठ, 03 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव बाजीदपुर निवासी साइकिल सवार पति-पत्नी को बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया। रविवार की दोपहर लगभग दो बजे गांव वाजिदपुर कवाली निवासी 55 वर्षीय बृजेश पुत्र नैनसिंह अपनी पत्नी 45 वर्षीया राजेश को साथ लेकर साइकिल द्वारा कस्बे में किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पायल सिनेमा के पास पहुंचे, तो बस ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

दो युवकों के साथ मारपीट एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

जानसठ, 03 नवम्बर (बु.)। कस्बे में दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने युवकों की तहरीर के आधार पर एससीएसटी एक्ट में धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुलदीप बाल्मीकि पुत्र प्रदीप वाल्मीकि ने थाने में ताहिर देकर बताया कि शुक्रवार की रात को वह और उसका भाई संदीप वाल्मीकि नगर पंचायत का काम निपटाकर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें सचिन कांबोज और विक्की कांबोज ने रोक लिया। दोनों भाइयों ने उन्हें रोक कर जातिसूचक शब्द कहे और उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में कुलदीप बाल्मीकि और उसका भाई संदीप वाल्मीकि घायल हो गए। दोनों घायलों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया। थाना प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि कुलदीप बाल्मीकि की तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

भाजपा राज में मीडिया के मनोबल का एनकाउंटर: अखिलेश

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर सूबे की भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार की हत्या और पत्रकारों को निर्वस्त्र करके पीटना मीडिया के 'मनोबल के एनकाउंटर' का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। सपा मुखिया ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया। इसमें लिखा कि एक पत्रकार की हत्या, पत्रकारों पर दबाव बनाना, पत्रकारों को महीना बांधना, पत्रकारों पर एफआइआर कराना, पत्रकारों को निर्वस्त्र करके मारना, पत्रकारों को अवांछित पेयपान कराना, भाजपा राज में मीडिया के 'मनोबल के एनकाउंटर' का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि मीडिया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा। इसके साथ बी उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें कुछ लोग एक युवक को निर्वस्त्र करके पीटते नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव के पोस्ट करने के बाद लोग इस पर कमेंट करके अपने-अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं।

आस्था या अंधविश्वास-बाबा ने खौलते दूध से स्नान कर दिखाया करतब

सोनभद्र,03 नवम्बर (एजेंसी)। यादव महासभा की ओर से दुद्धी के टाउन क्लब में 14वां गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। गाजीपुर से आए बाबा सुरेंद्र पंथी ने देखते ही देखते सूखे उपले में मंत्र शक्ति से अग्नि प्रज्वलित कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इसके बाद उसी अग्नि पर दूध गर्म करके खीर पकाई गई। बाबा ने आग पर खौलते गर्म दूध से स्नान कर भविष्य के बारे में जानकारी दी। बताया कि वर्ष 2025 लोगों के जीवन के लिए अनुकूल होगा। बारिश भी अच्छी होने की सम्भावना जताई।

पुजारी का दावा है कि खौलते दूध से नहाने पर सिर्फ वहीं जलते हैं जो छलीझकपटी होते हैं। पुजारी अपने दावे को साबित करने के लिए खौलते दूध अपने शरीर पर डालते रहे। सुरेंद्र पंथी बाबा ने कहा कि यह प्रकृति की पूजा इंद्र भगवान का घमंड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण भगवान ने किया था। वहीं गर्म दूध से स्नान और आंखों में डालने पर बताया कि देखने में दूध गर्म दिखता है, लेकिन शरीर पर डालते ही ठंडा हो जाता है। पूजा में बहुत शक्ति है। पूजा पंडित शिवपूजन मिश्र ने संपन्न कराया। गोवर्धन पूजा के मुख्य अतिथि वाराणसी जिले के सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ऊर्फ लक्कड़ पहलवान व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुनील सिंह यादव, ज्ञानेंद्र यादव, सेवा निवृत संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ.चंद्रजीत यादव, अमित यादव आदि रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस पूजा से हमे प्रकृति पूजा का ज्ञान होता है। यह प्राकृतिक पूजा है। भाजपा सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अहंकारी सरकार का भी अंत होगा। उन्होंने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा से हुई। महिलाओं ने पूजा स्थल से कलश उठाया और प्राचीन शिवाजी तालाब से जल उठाकर पुनः पूजा स्थल पहुँची और पूजा की शुरूआत हुई।

बलिदानियों की याद में रोशनी से नहाया भीम सरोवर, अमर शहीदों के लिए सीएम योगी ने जलाया पहला दीप

गोरखपुर,03 नवम्बर (एजेंसी)। दीपावली के अगले दिन शुक्रवार को शहीदों की याद में गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित भीम सरोवर रोशनी से नहा उठा। यूं लगा मानो दीपकों की लौ देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर देने वाले बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही हो। मंदिर के भीम सरोवर क्षेत्र में पहला दीपक मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रज्ज्वलित किया और इसके बाद मुक्ताकाशी मंच पर अमर बलिदानियों के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीम सरोवर के समीप दीप जलाकर और मुक्ताकाशी मंच पर शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही परिसर 11000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भाई) की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रज्ज्वलित दीयों की जगमग अद्भुत लग रही थी। दीपों के प्रज्ज्वलित होने के बाद मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित गीतों, नृत्य की प्रस्तुतियों ने जोश का संचार कर दिया।

डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शहीदों की याद में कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप पांडेय की टीम ने गणेश वंदना से की। तत्पश्चात श्रुति कसौधन ने ह्यऐ मेरे वतन के लोगोंह्न की प्रस्तुति से पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। सात्विका ने बहुत ही भावपूर्ण देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। सारिका राय के निर्देशन में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट देशभक्ति समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। वीर सेन सूफी द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत पर सभी लोग झूम उठे। विकास मिश्रा की भजन प्रस्तुति भी सराहनीय रही। संचालन शिवेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ह्यभाईह्न के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक ध्रुव श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, राकेश मोहन एवं पूनम सिंह द्वारा भगवान राम की प्रतिमा भेंट की गई।

युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाले को जेल भेजा

सिखेड़ा, 03 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी युवक थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात गांव बहादरपुर निवासी पिंकल पुत्र विनोद कुमार थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले गया था। स्वजन ने पिंकल के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पिंकल के घर से पुलिस ने युवती को बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पिंकल को गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने लाकर उसका पोस्को एक्ट की धारा में चालान कर दिया।

चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या, उसके बाद पति ने पी लिया तेजाब, बिलखते रह गए पांच छोटे बच्चे

बिजनौर,03 नवम्बर (एजेंसी)। मोहल्ला रांगड़ान में पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी और खुद भी तेजाब पी लिया। दोनों के बीच में काफी समय से मुकदमेबाजी चल रही थी। इसी से परेशान होकर पति ने वारदात को अंजाम दे दिया।

रविवार सुबह करीब चार बजे निजामुद्दीन ने अपनी पत्नी इसराना को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। निजामुद्दीन की शादी 16 साल पहले नजीबाबाद की रहने वाली इसरना से हुई थी। दोनों के बीच काफी समय से मुकदमेबाजी चल रही थी। एक दिन पहले ही निजामुद्दीन ने इसराना को बातचीत करने तथा मुकदमें खत्म करने के लिए बिजनौर के बुल्ला के चौराहे के पास मोहल्ला रांगड़ान में बुलाया था। यहां निजामुद्दीन ने पत्नी को बुरी तरह चाकू से गोद कर मार डाला और खुद भी तेजाब पीकर जान देने की कोशिश की। निजामुद्दीन की मां ने शोर मचाया तो मोहल्ले वालों ने पुलिस को फोन किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेई और क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

वहीं निजामुद्दीन को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया। इसराना के छोटे-छोटे पांच बच्चे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। एएसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि निजामुद्दीन ने 1 जनवरी को अपनी पत्नी पर तेजाब उड़ेल दिया था, उसका मुकदमा चल रहा था। इसी मुकदमे में समझौता करने के लिए बुलाया और उसकी हत्या कर दी।

श्रद्धालुओं से भरी बस गड्ढे में पलटी, एक की मौत

बस्ती, 03 नवम्बर (एजेंसी)। गोंडा जिले के खोड़ारे, सिद्धार्थनगर सहित जिले के सोनहा व गौर क्षेत्र के श्रद्धालु आंबेडकरनगर के किछौछा शरीफ दरगाह पर गए थे। सभी लोग एक बस, ऑटो में सवार होकर लौट रहे थे। इन दोनों वाहनों के साथ एक बोलेरो भी साथ में आ रही थी। टांडा पुल पार करके कलवारी थाने के माझा खुर्द गांव के मोड़ पर सामने से एक पिकअप पहुंच गई। पिकअप को बचाने में सभी वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरते चले गए। आंबेडकरनगर के किछौछा शरीफ दरगाह से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस सहित चार वाहन कलवारी थानाक्षेत्र के माझा खुर्द गांव के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई। इन वाहनों में सवार करीब 70 लोग चोटिल हो गए।

ट्यूशन पढ़कर लौट रहे कक्षा दस के छात्र की मौत, सदमे में ताई पैरालाइज

बागपत, 03 नवम्बर (एजेंसी)। ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रहे कक्षा 10 के छात्र को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। मेरठ के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया है। पटोली निवासी अरविंद का 16 वर्षीय पुत्र विशान्त पिलाना के नेहरू स्मारक इन्टर कालेज में कक्षा 10 का छात्र था। वह रोजाना पिलाना ट्यूशन पढ़ने जाता था। शनिवार को वह पिलाना से लौट रहा था तो गांव पटोली-पिलाना मार्ग पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद चालक वाहन लेकर भाग गया। विशान्त गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे पहले पिलाना में निजी चिकित्सक के पास पर ले गये, जहां हालत खराब होने पर बालैनी अस्पताल में ले गये। बाद मे मेरठ के एक अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान विशान्त की मौत हो गई। विशान्त की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना दे रहे थे। तभी विशान्त की ताई सुनीता सदमे में आ गईं और अचानक पैरालाइज हो गईं। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया। विशान्त के पिता अरविंद ने थाने मे अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

महिला के साथ छेड़छाड़ कर खेत में खींचने का प्रयास

भोपा, 03 नवम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि वह विगत दिवस को करीब 3 बजे शाम मैं अपने घर से पास के जंगल के रास्ते दवाई लेने जा रही थी। जैसे ही वह गाँव के राजवाहे की पटरी पर पहुँची मेरे गाँव का विकास साईकिल से मेरा पीछा करते हुए आया और मुझे रोक कर मेरे साथ छेड़छाड़ करते हुए बदनीयत से मेरा हाथ पकड़ कर गन्ने के खेत में खींच कर ले जाने लगा। मैने विरोध किया और शोर मचाया। तब रास्ते चलते लोगों को आते देख कर विकास मुझे छोड कर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।

सहकारी समिति काकड़ा के पूर्व चेयरमैन का हार्ट अटैक से हुआ निधन

शाहपुर, 03 नवम्बर (बु.)। सहकारी समिति काकड़ा के पूर्व चेयरमैन का हृदय गति रुकने से निधन होने के कारण क्षेत्र में शोक की लहर है। गांव रसूलपुर जाटान निवासी 55 वर्षीय अजय बालियान पिछले काफी समय से मुजफ्फरनगर रह रहे थे। रविवार की सुबह हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। दिवंगत अजय बालियान पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक बालियान के छोटे भाई थे। वह गांव काकड़ा स्थित सहकारी समिति के चेयरमैन व शाहपुर ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं। उनके निधन से गांव के साथ ही क्षेत्र में भी शोक की लहर बनी नजर आई।

उप चुनाव जीतेगी भाजपा, झारखंड और महाराष्ट्र में भी खिलेगा कमल

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा-हरियाणा की जनता ने जनादेश देकर विपक्षियों को नकार दिया है

प्रयागराज,03 नवम्बर (एजेंसी)। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी में होने जा रहे नौ सीटों पर विधानसभा चुनाव में अधिकांश सीटों पर भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। कहा कि फूलपुर में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है, बस अंतर कितना बड़ा होगा यह देखना है। मौर्य ने कहा कि जनता ने हरियाणा चुनाव में भाजपा को तीसरी बार जिताकर स्पष्ट कर दिया है कि विरोधियों की दाल गलने वाली नहीं है। मौर्य रविवार को जिला पंचायत सभागार में महाकुंभ के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। झारखंड में भी कमल खिलेगा और जिस तरह से 2017 और 2022 में यूपी में भाजपा की जीत हुई थी उसी तरह से झारखंड में भी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। फूलपुर उप चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के सवाल पर मौर्य ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरे प्रदेश को अराजकता और जंगलराज का गढ़ बना दिया था। जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। वह माफियाओं को प्रश्रय दे रहे थे। अब वह भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त करने की बात करते हैं तो लगता है कि जैसे सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। अपने कार्यकाल में कानून और व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाले अखिलेश अब लोगों को कानून और संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। इस दौरान प्रस्तुति देने आए जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, बिहार और प्रदेश के अन्य जनपदों से पहुंचे कलाकारों को डिप्टी सीएम ने सम्मानित किया।

भारत की करारी हार से बीसीसीआई खफा, खत्म हो सकता है दिग्गजों का करियर

मुंबई, 03 नवम्बर (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीसरा मैच गंवाने के बाद भारत को 0-3 से इस सीरीज में करारी हार मिली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की इस शिकस्त का सबसे बड़ा कारण बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी घर में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम से खफा है। अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को इस प्रारूप से संन्यास का एलान करना पड़ सकता है।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज भारत के लिए काफी अहम है। फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को अब पांच में चार मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे जबकि एक मैच ड्रॉ क

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

एकता का मर्म बताता एक नारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने एक नारा दिया, जो देखते ही देखते लोगों की जबान पर चढ़ गया और फिर दिलों में उतर गया और उत्तर प्रदेश से निकलकर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में फैल गया। अब यह नारा कई नेताओं की बेचैनी का कारण बन गया है। इस नारे की रेंज का इसी से पता चलता है कि बहुत से नेता इस नारे की तर्ज पर अंट-शंट नारे भी गढ़ने लगे हैं। यह नारा एकता का मर्म बताता है। जातियों में बाँटकर उन्हें एक करके अपनी तरफ करने की सियासत करने वाले इस नारे से ज्यादा परेशान दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने यह नारा दिया था। उन्होंने आगरा में एक कार्यक्रम में कहा था कि आप देख रहे हैं बांग्लादेश में क्या हो रहा है? वे गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। 'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा पर पहुंचेंगे। इसके बाद यह नारा काफी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है। सबसे पहले अखिलेश यादव के जन्मदिन से पोस्टर वार की शुरूआत हुई थी। इसके बाद से भाजपा और सपा के बीच पोस्टर वार जारी है। कहा जा रहा है कि सपा इस नारे से बहुत घबराई हुई है। उत्तर प्रदेश में चल रहे उपचुनाव के बीच इस नारे और इसकी तर्ज पर नारों की सियासत काफी गरमाई हुई है। 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह नकारात्मक नारा उनकी निराशा और नाकामी का प्रतीक है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनका नकारात्मक-नारा उनकी निराशा और नाकामी का प्रतीक है। इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10 फीसद मतदाता बचे हैं, अब वो भी खिसकने के कगार पर हैं, इसलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि नकारात्मक-नारे का असर भी होता है। इस 'निराश-नारे' के आने के बाद उनके बचे-खुचे समर्थक ये सोचकर और भी निराश हैं कि जिन्हें हम ताकतवर समझ रहे थे, वो तो सत्ता में रहकर भी कमजोरी ही की बातें कर रहे हैं, जिस आदर्श राज्य की कल्पना हमारे देश में की जाती है, उसके आधार में अभय होता है, भय नहीं। ये सच है कि भयभीत ही भय बेचता है, क्योंकि जिसके पास जो होगा, वो वही तो बेचेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा और उनके राजनीतिक पतन के अंतिम अध्याय के रूप में आखिरी 'शाब्दिक कील' साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश और समाज के हित में उन्हें अपनी नकारात्मक नजर और नजरिये के साथ अपने सलाहकार भी बदल लेने चाहिए, ये उनके लिए भी हितकर साबित होगा। एक अच्छी सलाह ये है कि 'पालें तो अच्छे विचार पालें' और आस्तीनों को खुला रखें, साथ ही बांहों को भी, इसी में उनकी भलाई है। सकारात्मक समाज कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा। अखिलेश की इस पोस्ट पर भाजपा नेताओं का कहना है कि अखिलेश ने उधार के शब्दों वाली अपनी पोस्ट से जता दिया है कि यह नारा कितना महत्वपूर्ण है, जो अखिलेश इस नारे को इतना मूल्य दे रहे हैं, वास्तव में अखिलेश यादव इस नारे की वैल्यू समझ गए हैं, तभी उन्होंने इस नारे को लेकर कहा कि देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा, यानी यह नारा उन्हें भीतर तक कचोट गया है। 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे के कारण उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र तक की सियासत गरमा गई है। बीते दिनों मुंबई के कई इलाकों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर और 'बंटेंगे तो कटेंगे' संदेश वाले पोस्टर लगाए गए। इन पोस्टरों में 'बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो नेक रहेंगे', सुरक्षित रहेंगे के संदेश लिखे हैं। 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर मायावती ने भी टिप्पणी की है, कहा है कि, बीजेपी और सपा सरकारों की तुलना में बीएसपी का शासन जनता के बीच सबसे बेहतरीन रहा है। जनता को पोस्टर के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। बीजेपी ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा ने 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' का नारा देकर इसकी आड़ में सिर्फ और सिर्फ जनता को गुमराह कर उप-चुनाव वाली सीटों पर फायदा लेने का प्लान बनाया है। उनकी दोगली नीतियों से बचने कि लिए बेहतर यही है कि आप बसपा से 'जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे'। लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव की फोटो के साथ लगाया गया एक पोस्टर फिर चर्चा में आ गया है। इस पोस्टर में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के नारे पर पलटवार किया गया है। इस होर्डिंग में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का जवाब देते हुए लिखा है, 'मठाधीश बांटेंगे और कांटेंगे', पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के पीडीए के हितों की रक्षा करने के दावों पर पलटवार करते हुए कहा कि पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। पीडीए की आवाज उठाने के पीछे उनका असल मकसद अपने परिवार का विस्तार करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि आगामी उपचुनाव के लिए घोषित प्रत्याशियों में चाचा-भतीजे और करीबी लोग ही नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि सपा के पीडीए का मतलब सिर्फ परिवार का विकास ही है, जबकि पीएम मोदी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत कर रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य केवल लोकतंत्र को मजबूती देना है। परिवार माडल और विकास माडल का फर्क जनता भली भांति समझ रही है। योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। धमकी देने वाली महिला को पकड़ लिया गया है। योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला का नाम फातिमा खान है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था, अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया, तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे। शुरूआती जांच में यह पता चला है कि महिला मानसिक तौर पर अस्वस्थ्य है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री को पहले भी ऐसी धमकियां मिलती रही हैं। योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में हर समय 25 कमांडो रहते हैं। योगी के साथ हर समय नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स के 25 कमांडो रहते हैं, यानी यदि इनकी शिफ्ट 8 घंटे की है, तो कुल मिलाकर 75 कमांडो तैनात हैं। यह ब्लैक यूनिफॉर्म में रहते हैं। मुख्यमन्त्री योगी को मिली जेड प्लस सुरक्षा में 5 बुलेटप्रूफ गाड़ियां भी शामिल रहती हैं। देश की चुनिंदा शख्सियतों को ऐसी सुरक्षा दी जाती है।

चार दीप

सुनील उत्सव

"बदलाव" "यकीन" "राजा" "फकीर"

बदलाव दिख रहा है सभी को यहां-वहां,
आता नहीं यकीन तो फिर भी यकीं करो।
राजा चले गए हैं तो अब आ गए फकीर,
आता नहीं यकीन तो फिर भी यकीं करो।

अक्तूबर की गर्म रातों ने तोड़ा 124 साल का रिकॉर्ड, नवंबर के पहले दो सप्ताह बाद तापमान में होगी गिरावट

लखनऊ, 03 नवम्बर (एजेंसी)। इस साल अक्तूबर के महीने में यूपी समेत उत्तर पश्चिम भारत में रातों का औसत तापमान पिछले 124 सालों में सर्वाधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक इसकी मुख्य वजह मानसून वापसी में देरी और कई बार कम दबाव क्षेत्रों का विकसित होना बता रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि तटस्थ निनो परिस्थितियों और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों की अनुपस्थिति में अक्तूबर महीने के दौरान औसत मासिक अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहे। इसकी वजह से भारत में रात का औसत न्यूनतम तापमान 1901 से अब तक के 124 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक रहा। मध्य भारत (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्से) अक्तूबर के औसत तापमान चार्ट में सबसे आगे रहे। दिल्ली-एनसीआर 1901 के बाद से रिकॉर्ड दूसरा सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने नवंबर के पहले दो सप्ताह के बाद तापमान में गिरावट के संकेत हैं।

रस्म तेरहवीं

मान्यवर,
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी पं0 श्याम शंकर मिश्र (छांगा पंण्डित जी) का स्वर्गवास बुधवार दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

दसवा शनिवार, 02 नवम्बर 2024

मंगलवार, 05 नवम्बर 2024
हवन ..... 8.00 बजे प्रातः (निज निवासः अलमासपुर)
ब्रह्मभोज ..... 11.00 बजे प्रातः (निज निवासः अलमासपुर)
रस्म पगड़ी ..... 2.00 बजे दोपहर

स्थानः आशीर्वाद बैंकेट हॉल
लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड़, मुजफ्फरनगर

प्रतिष्ठानः पुरुषार्थी सनातन धर्म मन्दिर दाल मण्डी, मु0नगर
निवासः 205, कायस्थवाड़ा, दाल मण्डी, मु0नगर

-: शोकाकुल :-

पं0 चौहरजा प्रसाद मिश्र (भाई)
पं0 राकेश मिश्रा (पुत्र)
पं0 राजेश मिश्रा (पुत्र)
पं0 सतीश मिश्रा (पुत्र)

पौत्रीः
स्नेहा, रिया, नेहा ज्योति, गुंजन, लक्ष्मी

पं0 रमेश मिश्रा, पं0 कृष्णानन्द
पं0 विनोद, राजकुमार, मनोज (भतीजे)
पं0 पार्थ, आर्यन, कृष्णा, विश्वास (पौत्र)
आकाश, शुभ, आशुतोष, नमन, शिवम (पौत्र)

निज निवासः अलमासपुर, कूकड़ा रोड़, गली नं0 3, मन्दिर वाली गली, मु0नगर मोः 6397195347, 9837901290

नोटः कृपया पगड़ी साथ में ना लायें



फेडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा होटल सेलिटेयर में दिवाली उत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न : अंकित संगल

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बुस.)। फेडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा "होटल सोलिटेयर - इन" मेरठ रोड पर दीपावली कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नितिन जैन, डॉयरेक्टर गोकुल सिटी और अमित चौधरी डॉयरेक्टर वसुंधरा काउटी आदि रहे। सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डॉ. संजीव बालियान, एवं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और मयंक बिंदल (बिंदल पेपर लिमिटेड), वैभव गोयल (टिहरी स्टील), संजय जैन (पारस टीएमटी), योगेन्द्र मित्तल (जे0बी0 स्टील) के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रेय जैन, सहसचिव फेडरेशन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत अंकित संगल अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य व मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, प्रमुख उद्योगपति कुंवर आलोक स्वरूप, संजय जैन पारस टीएमटी, वैभव गोयल टिहरी स्टील, कुशपुरी व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर अंजू अग्रवाल व अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। टीम फेडरेशन द्वारा अपने पारिवारिक सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। फेडरेशन अध्यक्ष अंकित संगल द्वारा दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व रोशनी का त्यौहार है और हमारे उद्योगों व उद्यमियों में हमेशा हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता रहे, यही हमारी कामना है। इस अवसर पर मशहूर

कलाकारों ने जबरदस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसका पारिवारिक सदस्यों द्वारा भरपूर आनन्द लिया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तंबोला पुरस्कारों के साथ बच्चों के लिए कार्निवल जादूगर का आकर्षण, मराठी डांस ढोल आदि रहा। यह पूरा कार्यक्रम मराठी थीम पर आयोजित किया गया था, जो महिला मराठी साड़ी एवं पुरुष मराठी वेशभूषा में आये थे, उन्हें आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उपस्थित महिलाओं को फेडरेशन की ओर से नाक की नथ दी गयी। इस पूरे कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत प्रमुख उद्योगपति स्व. त्रिलोक चंद जैन और गांधी टेंट हाउस के स्वामी स्व. आदीश कुमार जैन व स्व. नेकीराम गर्ग रहे। परम्परागत अनुसार

स्व. आदीश जैन व स्व. नेकीराम गर्ग की याद में कक्षा 10 व कक्षा - 12 में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को मैमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चटपटे व्यंजन एवं रात्रि भोज का भी भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम बहुत ही ऐतिहासिक सफलता के साथ देर रात्रि तक चलता रहा। फेडरेशन टीम द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का मराठी टोपी व मराठी पटका देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लक्की ड्रा में ब्लू स्टार का फ्रिज दिया गया एवं लक्की कूपन व गिफ्ट वाउचर दिये गये।

अभिनव स्वरूप (मै0 ए.एस. जे. ग्राण्ड प्लाजा) द्वारा मूवी टिक्ट्स। लक्की विजेता सदस्यगण बड़े-बड़े गिफ्ट पाकर प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम के संयोजक श्रेय गोयल (होटल स्वर्ण इन), कार्तिक अग्रवाल (विक्रम लैबोरेट्रीज) व विख्यात अग्रवाल (शाकुम्भरी पेपर) रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीष अग्रवाल, राहुल सिंघल, पवन कुमार गोयल (चेयरमैन आईआईए), अमित जैन (सचिव आईआईए), पंकज जैन (गांधी टेण्ट), संजय वर्मा, प्रमोद अरोरा, नरेन्द्र गोयल (उपाध्यक्ष), अरविन्द गुप्ता, रविन्द्र सिंघल, संदीप सिंह, संजय मित्तल, राज शाह, राधेश्याम शर्मा, अंकुर गर्ग, सुधीर गोयल, नवनीत गोयल एडवोकेट, तुषार गुप्ता एडवोकेट, सुनील अग्रवाल, रचित गोयल, सागर वत्स, रामअवतार गोयल, मोहित गर्ग, राहुल अग्रवाल, राकेश ढींगरा, विख्यात बिंदल, संजय जैन, शिवशंकर मित्तल, अंकित गोयल, अशोक अग्रवाल, अमित संगल (गौरांगी मोटर्स) सचिन गोयल, रेशू गोयल, अंशुल अग्रवाल, विपिन सिंघल, नरेश शर्मा, सुधांशु गर्ग, प्रवीण वर्मा, जगमोहन गोयल, अर्पित अग्रवाल, आशुतोष कुच्छल, आदि उद्यमी परिवार उपस्थित रहे।

नगर के मुख्य मार्गो से निकली प्रेमपुरी मंदिर की वार्षिक रथयात्रा

- धूमधाम के साथ मनाया गया भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव - पारस टीएमटी नावला परिवार ने किया मंगल ध्वजारोहण - समारोह गौरव रहे गर्ग डूप्लेक्स और एलजी परिवार के सदस्य

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर धर्मनगरी प्रेमपुरी में रविवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर से प्रारंभ वार्षिक रथयात्रा में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यों ने पहुंचकर निर्वाण लाडू चढ़ाने के साथ धर्म लाभ उठाया। रविवार को कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रातः 10 बजे मंगल ध्वजारोहण में पारस टीएमटी के नरेन्द्र जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन नावला के द्वारा किया गया। इसके बाद चित्र अनावरण व दीप प्रज्जवलन और कूपन ड्रा के साथ रथयात्रा प्रारंभ की गई। कार्यक्रम समारोह के गौरव का लाभ अरूण जैन, संजीव जैन, राजेश जैन, संदीप जैन आदि गर्ग डूप्लेक्स व मनोज जैन, शुभम जैन, वैभव जैन एलजी वालों को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियांक कुमार जैन व शीतल जैन रहे। मंच संचालन रविन्द्र जैन व पुनीत जैन ने किया। आज श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, प्रेमपुरी की वार्षिक रथयात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम से हुआ। लक्की ड्रा के माध्यम से श्रीजी को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य विप्लव जैन नावला वालो को प्राप्त हुआ। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर प्रेमपुरी के मंत्री अनुज जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष दीपावली के दिन जैन धर्म में दीप मालिका को सजाकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव मनाया जाता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। जब भगवान महावीर पावा नगरी के मनोहर उद्यान में गए हुए थे, तब चतुर्थकाल पूरा होने में तीन वर्ष और आठ माह

बाकी थे। तब कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन सुबह स्वाति नक्षत्र के दौरान महावीर स्वामी अपने सांसारिक जीवन से मुक्त हो कर मोक्षधाम को प्राप्त हो गए। इस अवसर पर नगर के जैन मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई। वहीं प्रातः बेला में भगवान श्रीजी का अभिषेक शांति धारा प्रक्षालन नित नियम पूजन अर्चन के साथ वीर निर्माण महोत्सव पर भगवान महावीर स्वामी का भक्ति भाव के साथ पूजन किया गया। द्वीप प्रज्वलित करते हुए आरती की गई। इसके बाद श्रीजी के सम्मुख समाजजन ने मुलनायक भगवान महावीर, भगवान शांतिनाथ, भगवान आदिनाथ और भगवान बाहुबली की बेदी जी के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाए। प्रेमपुरी मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न

मार्गों से होती हुई मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पूर्व शुक्रवार को जैन मंदिरों में निर्वाण लाडू श्रीजी के सम्मुख समर्पित किए। समाजजन ने शाम को अपने घरों पर दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान महावीर की पूजा की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद जैन, विपिन जैन, अनिमेष जैन, सुशील जैन, अनुज जैन, कमल जैन सीए, सुधीर जैन, योगेश जैन, विनेश जैन, सुनील जैन, पवन जैन, आशीष जैन, ऋषभ जैन, अभिनव जैन, सुरेश चन्द जैन, मोहित जैन, अंकित जैन, कशिश जैन, लविश जैन, रवि जैन, राजेश जैन समेत सकल जैन युवा संगठन, ज्ञान युवा मंच, जैन बाल संस्कार चैनल, श्री महावीर मित्र मंडल, णमोकार महामंडल समिति, श्री आचार्य ज्ञान सागर स्वाध्याय महिला मंडल, पारस नव ज्योति महिला मंडल, पार्श्वनाथ फैंस, ज्ञानोदय क्लब जैन युवा संगठन के पदाधिकारियों का विशेष रूप से सहयोग रहा।

22 लाख दो... वीडीओ बनवा देंगे

गोंडा,03 नवम्बर (एजेंसी)। मामला शहर कोतवाली इलाके की है। पीड़ित विष्णु प्रताप सिंह ने पुलिस को शिकायत की। बताया कि वह इमलिया गुरूदयाल गांव का रहने वाला है।वर्ष 2018-19 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। इसी बीच उसकी मुलाकात देहात कोतवाली क्षेत्र के खरगूचांदपुर निवासी मुक्कू पांडेय से हुई। मुक्कू पांडेय ने ग्राम विकास अधिकारी की नौकरी दिलाने के लिए सचिवालय में पहुंच होने का झांसा दिया। उसने खरगूचांदपुर निवासी ज्वाला प्रसाद व उनके बेटों पिंटू तिवारी व जितेंद्र तिवारी से मुलाकात कराई। इस दौरान आरोपियों ने सचिवालय का अधिकारी बताकर किसी से फोन पर बात भी कराई।

तुरन्त आवश्यकता है
केबल टीवी, ब्रॉडबैंड इंटरनेट कार्य हेतु ट्रेंड, अनट्रेंड लड़कों की नई मण्डी क्षेत्र के रहने वाले को प्राथमिकता
सम्पर्क करें-
M. 9897600300

यूपी में पोस्टर वारः 'मठाधीश बाटेंगे और काटेंगे...', सीएम के नारे पर लखनऊ में अखिलेश की फोटो संग नई होर्डिंग

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। यूपी में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर पोस्टर वार लगातार तेज होता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान 'बंटेंगे तो कटेंगे' से शुरू हुआ बयानबाजी का दौर अब और तीखा होता जा रहा है। शनिवार रात को सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव की फोटो के साथ लगाया गया एक पोस्टर फिर चर्चा में आ गया है। इस पोस्टर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे पर पलटवार किया गया है। इस होर्डिंग में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का जवाब देते हुए लिखा है- 'मठाधीश बांटेंगे और कांटेंगे... पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी। ये पोस्टर पार्टी के नेता

अमित चौबे की ओर से लगाया गया है जिसमें भाजपा को निशाने पर लिया गया है। इस पोस्टर को लगाने वाले सपा नेता अमित चौबे ने कहा कि इस पोस्टर के जरिए हमने पूरे प्रदेश की भावनाओं को अपने शब्दों में पिरोया है। प्रदेश में आज कानून व्यवस्था ध्वस्त है। गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी पहले एक मठाधीश हैं वो इंसानियत और अपनत्व की बात नहीं करते हैं। प्रदेश के विकास की बात नहीं करते हैं बल्कि बांटने और काटने की बात करते हैं। इस पोस्टर के माध्यम से हमने दलित, अगड़ा और पिछड़ा सभी की भावनाओं को अपने शब्दों में पिरोने का काम किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदू समुदाय को भाजपा के पक्ष में एकजुट करने के लिए 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा दिया था जिसे अखिलेश यादव ने राजनीतिक इतिहास का सबसे खराब नारा कहा था। इसके पहले सपा की तरफ से लगाए गए पोस्टर में पलटवार करते हुए कहा गया था कि 'न बंटेंगे न कटेंगे पीडीए के साथ रहेंगे।' इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी शनिवार को इसी लाइन पर बयान दिया और कहा कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने सपा-भाजपा के बीच चल रही पोस्टरबाजी पर को फिजूल बताते हुए लोगों से बसपा से जुड़ने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि अपनी कमियों पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा द्वारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा एंड कंपनी द्वारा 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' आदि नारों को प्रचारित करने में लगे हैं। जबकि इनकी सभी नीतियां गलत रही हैं।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन को आवश्यकता है
पार्ट टाइम जॉब शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
दैनिक समाचार पत्र मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता है एक हिन्दी प्रूफ रीडर की, जिसे हिन्दी भाषा का पूर्ण ज्ञान हो।
शिक्षक को वरीयता दी जायेगी।
इच्छुक सम्पर्क करें
कार्यालय दैनिक मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन
224-सिविल लाइन दक्षिणी, मिनाक्षी सिनेमा के पीछे, मुजफ्फरनगर।
सम्पर्क समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक।

जंक्शन पर लावारिस पड़े आठ बैग में मिले 104 कछुएं

प्रयागराज,03 नवम्बर (एजेंसी)। रविवार को प्लेटफार्म नंबर पांच पर काफी देर से सात आठ बैग पड़े थे। यात्रियों की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने बैग के बारे में पूछताछ शुरू की तो किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। पुलिस ने

बैग को खोला तो उसमें बड़ी संख्या में कछुए पड़े मिले। प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर लावारिस हालत में मिले आठ बैग से 104 कछुए बरामद किए गए हैं। तस्करों का पता नहीं चल सका है। पुलिस उनकी खोजबीन में जुटी है। आशंका जाहिर की जा रही है कि तस्कर बैक को लेकर कोलकाता जाने की तैयारी मे थे। पुलिस की नजर पड़ने पर वह बैग छोड़कर भाग निकले। जीआरपी ने कछुओं को वन विभाग को सौंप दिया है। रविवार को प्लेटफार्म नंबर पांच पर काफी देर से सात आठ बैग पड़े थे। यात्रियों की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने बैग के बारे में पूछताछ शुरू की तो किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। पुलिस ने बैग को खोला तो उसमें बड़ी संख्या में कछुए पड़े मिले। गिनती की गई तो 104 कछुए पाए गए। पुलिस के अनुसार जादू-टोना से लेकर दवाएं बनाने सहित अन्य कार्यों के लिए कछुओं की तस्करी की जाती है। कोलकाता के रास्ते चीन, नेपाल में तस्करों के द्वारा आपूर्ति की जाती है।

सरकार पर बरसीं मायावती, बोलीं- हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं, बेहतर सुधार का जरूरत

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे। राज्य सरकार को दूसरे स्कूलों में उनका विलय करने की बजाय उनमें जरूरी सुधार करके बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बुरा हाल है। इसकी वजह से गरीब परिवारों के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा से दूर होने के साथ सही शिक्षा से भी वंचित हैं। ओडिसा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित है। सरकारों की इसी गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं।

तार जोड़ते समय युवक को लगा करंट

बलरामपुर,03 नवम्बर (एजेंसी)। घटना हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र के हिंडुली कला गांव की है। गांव निवासी जग प्रसाद नारायण (26) शनिवार की रात करीब 9 बजे धान की मड़ाई करवाकर घर लौटा था। घर में बिजली नहीं आ रही थी। इस पर अंधेरा था। मोबाइल जलाकर उसने देखा था तो मीटर से तार निकला था। वह तार जोड़ने लगा। इसी समय करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिवपुरा लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजित राम ने बताया कि जग प्रसाद की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसके अभी कोई संतान नहीं है। पत्नी को रो रोकर बुरा हाल है। लेखपाल अरिमा श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

बुलेटिन चरथावल सहयोगी की सेवाएं की गयी समाप्त
मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा चरथावल में सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे एक व्यक्ति को तत्काल कार्य मुक्त कर दिया गया है, क्योंकि उक्त व्यक्ति ठीक से रिपोर्टिंग नही करता । अब मुजफ्फरनगर बुलेटिन को चरथावल में किसी वरिष्ठ संवाददाता की आवश्यकता है, जो फील्ड में रहकर कार्य कर सकता हो और जो स्वयं समाचार लिखना जानता हो।
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

खतरों के सफर में दिनभर दौड़े सड़कों पर वाहन, लगा रहा जाम

- परिवहन निगम की ओर से किए इंतजाम रहे नाकाफी
- तमाम सड़कों से एआरटीओ एवं स्थानीय पुलिस रही गायब
- बसों के बेड़े के साथ कर्मी भी रहे सड़कों पर मुश्तैद

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। नगर मुख्यालय से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों व कस्बों के साथ हाइवे एवं तमाम संपर्क मार्गो तक रविवार का दिन पूरी तरह खतरों से भरा साबित हुआ, जिसमें इस सफर पर निजी वाहनों के साथ ही डग्गामार वाहनों का पूरी तरह से कब्जा रहा। ऐसे में जहां एक अनहोनी की आशंका से परिजनों की सांसे अटकी रही, वहीं जिला प्रशासन के दावों के बाद डग्गामार वाहन माफिया व स्थानीय पुलिस के चुनिंदा कर्मियों का गठजोड़ इस व्यवस्था पर भारी पड़ा। वहीं ऐसे वाहन चालक एआरटीओ के अधिकारियों को धता बताकर सड़कों पर दौड़ते हुए उक्त वाहन पुलिस के संरक्षण में जमकर चांदी काटते दिखे। भैय्यादूज पर अपनी बहनों के घर जाने वाले भाइयों को गंतव्य पर ऐसे में जल्दी जाने को जेब पर अतिरिक्त भार वहन करने को विवश होना पड़ा, ऐसे मुद्दे पर पुलिस प्रशासन आंखें मूंदे ही बैठा रहा।

दीपों के पंच पर्व महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को जनपदभर में भाई-बहनों के अमिट प्रेम के प्रतीक भैय्यादूज पर्व पर रोडवेज बसों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता व सीमित ट्रेनों के आवागमन के बाद भी डग्गामार वाहन स्थानीय पुलिस संरक्षण में बेखौफ हाइवे से संपर्क मार्गो पर धड़ल्ले के साथ दौड़ते रहे। हालांकि एआरटीओ विभाग ने त्यौहारी सीजन के बीच उक्त डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के दावे करता नहीं थका, लेकिन जनपद में सड़कों पर कहीं पर भी अफसर दिखाई नहीं दिए, जिससे डग्गामार वाहनों की आड़ में अवैध कारोबार में लगे वाहन माफियाओं ने भैय्यादूज पर्व पर गंतव्य पहुंचने की जल्दी में बेबस और मजबूर लोगों की भीड़ की मजबूरी का फायदा उठाते हुए खतरों भरे सफर पर अतिरिक्त शुल्क की वसूली में ही लगा रहा। ऐसे में कहना गलत न होगा कि ऐसे डग्गामार वाहनों को स्थानीय पुलिस प्रशासन का संरक्षण मिला, जिससे डग्गामार वाहन स्वामियों ने दोनों हाथों से इन यात्रियों से अतिरिक्त वसूली के साथ में मोटी कमाई करते हुए रोडवेज बसों की सवारियों को प्राइवेट बसों, टैंपू व जीप आदि वाहनों में बैठा कर गंतव्य तक पहुंचाने के साथ यूपी सरकार के राजस्व को हानि पहुंचाने का काम किया। बता दें, मुजफ्फरनगर डिपो से प्रतिदिन 195 बसों का संचालन होता है। उक्त बसे मेरठ, दिल्ली, बिजनौर, शामली, बागपत, पानीपत, सोनीपत, अबांला, देहरादून, लखनऊ व पूरब के विभिन्न जिलों के लिए स्थानीय बस अड्डों से उक्त बसों का आवागमन हो जाता है।

इन्होंने कहा- एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि भैय्या दूज व छठ पर्व पर बसों में यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते सुविधाओं में इजाफा किया गया है, जिसके लिए बसों के फेरे बढ़ाने के साथ कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने की योजना शुरू की गई है। इसके साथ ही कार्यालय कर्मचारियों की ड्यूटी अलग से लगाई गई है। उन्होंने बताया कि उक्त कर्मचारी निगरानी करेंगे कि बसे स्टॉपिज पर रूक रही हैं या नहीं। हर स्टॉप पर बसों को रोके जाने के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है, ताकि यात्रियों को लाभ मिल सकें।

भैय्यादूज पर जिला कारागार में धूमधाम से मनाया गया पर्व

- कुछ मुस्लिम महिलाओं ने भी की अपने भाइयों से मुलाकात
- जेल प्रशासन ने की अतिरिक्त खाने-पीने की व्यवस्था

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। जिला कारागार में भैय्या दूज पर्व पर भाई-बहनों के इस अमिट प्रेम के प्रतीक भैय्यादूज पर्व पर जेल प्रशासन ने बहनों से मुलाकात उनके भाइयों से कराई गई। इस बीच मुस्लिम महिलाएं भी पर्व का लाभ उठाने के लिए अपने भाइयों से मुलाकात की। वहीं बहनों ने इस बीच कारागार में बंद अपने भाइयों के ललाट पर तिलक करने के साथ उनके शीघ्र घ वापसी की कामना करते हुए मिष्ठान खिलाया। दीपों के पंच पर्व की विदाई की ओर बढ़ते कदमों के बीच रविवार को देशभर में भैय्यादूज पर बड़ी संख्या में बहनों ने अपने भाइयों को तिलक कर दीर्घायु होने की मंगल कामना की। इस दौरान जिला कारागार में बहनों ने भैय्यादूज पर भाइयों को मिलने करने के लिए सुबह से ही जिला कारागार के बाहर महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। जेल प्रशासन ने भैय्यादूज पर्व पर कारागार में बंद भाइयों से बहनों की मुलाकात तय नियमों के तहत कराई गयी। वहीं जिन भाइयों की बहन किन्हीं मामलों में कारागार में बंद थी, उन्हें भी अफसरों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच मुलाकात जेल परिसर में कराई गई। जिला कारागार के बाहर ऐसे हालातों में रविवार सुबह से मुलाकात करने वाली तमाम बहनों की इस बीच लंबी कतार देखने को मिली। इस दौरान जिला जेल पर कुछ मुस्लिम महिलाएं भी भैय्यादूज पर्व पर कारागार में बंद अपने भाइयों से मिलने के लिए वहां पहुंची। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने बताया कि जेल परिसर में शासन के निदेर्शों के बीच भैय्यादूज पर्व पर पहुंची बहनों की मुलाकात उनके कारागार में ही बंदी भाइयों से कराई गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान जेल प्रशासन की ओर से पकवान बनाने के साथ ही बहनों के लिए बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। इस दौरान बंदी तनावमुक्त दिखाई दिए। व्यवस्था बनाने में जेलर राजेश कुमार सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. डॉ. परितोष मुद्गल शर्मा, डिप्टी जेलर, दीपक सिंह, हेमराज सिंह, यशकेन्द्र यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

पटाखे फोड़ने का विरोध किया तो की मारपीट

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा निवासी शीला पत्नी दिलावर ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर की रात को मौहल्ले का ही रहने वाला पुरुषोत्तम तेज आवाज में पटाखे छोड़ रहा था। जब उसके पौत्र अजय ने छत से जाकर पुरुषोत्तम का पटाखे फोड़ने पर विरोध किया तो पुरुषोत्तम अपने दो दोस्तों के साथ घर में घुस गया और छत पर आकर अजय के साथ मारपीट कर डाली जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गयी। मारपीट के बाद पुरुषोत्तम व उसके दोस्त मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल को तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्र है ट्रैफिक विभाग को भाईदूज पर्व पर आई शर्म, नहीं कटे चालान

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। एक ओर जहां पूरी दिवाली त्यौहारों की बिना शर्म किए ट्रैफिक विभाग ने जमकर चालान काटकर सरकार का राजस्व भरने के नाम पर जमकर चांदी काटी वहीं भाईदूज के दिन अपनी बहनों से टीका कराने जा रहे भाईयों पर ट्रैफिक पुलिस ने रहम खाया। रविवार को इक्का-दुक्का चालान को छोड़कर कहीं भी चालान काटने की कार्यवाही नहीं की गयी। ट्रैफिक विभाग द्वारा त्यौहार पर की गयी इस शर्म से आने जाने वाले लोगों को राहत महसूस हुई। सोमवार से पुनः चालान काटने का सिलसिला हर चौराहे पर फिर से देखा जायेगा।

दूसरे दिन शांतिपूर्ण रहा कच्ची सड़क का माहौल

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। शनिवार की रात कच्ची सड़क पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ब्राह्मण परिवार से की गयी मारपीट के बाद रात में ही माहौल गर्मा गया था मगर रविवार को कच्ची सड़क पर पुलिस तो मुस्तैद दिखी ही साथ ही साथ कच्ची सड़क का माहौल अफवाहों के बाद पूरी तरह से शान्त रहा। देर रात तक किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अप्रिय घटना की सूचना न मिलने का एक कारण पुलिस द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों के विरुद्ध उचित कार्यवाही किया जाना माना जा रहा है। पुलिस ने रविवार को आठ लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और तीन लोगों की गिरफ्तारी की थी। उसी से माहौल शान्त हुआ नहीं तो शनिवार को माहौल में पूरी गर्मी देखी गयी। रात्रि एक बजे तक तरह-तरह की अफवाहें फैलती सुनी गयी, मगर रविवार को पुलिस कार्यवाही और पुलिस की मुस्तैदी ने माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखा।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पुरकाजी, 03 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव धमात में विवाहित की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गयी। थाना छपार के गांव तेजलहेडा निवासी बेदपाल की पुत्री अंजली की शादी राहुल पुत्र खिलेराम निवासी ग्राम धमात के साथ हुई थी, जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी जिसकी जानकारी मिलने पर मृतका के परिजन भी धमात पहुँच गये। उन्होंने मृतका के ससुरालियो पर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतका के चाचा पोविन्द्र ने थाने में तहरीर देकर मृतका के पति राहुल, व उसके अन्य ससुरालियों पर उत्पीडन करने व जहर देकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की।

लगातार तीन टेस्ट हारकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर लुढ़का भारत

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	ड्रॉ	अंक प्रतिशत
ऑस्ट्रेलिया	12	8	3	1	62.5
भारत	14	8	5	1	58.33
श्रीलंका	9	5	4	0	55.56
न्यूजीलैंड	11	6	5	0	54.55
दक्षिण अफ्रीका	8	4	3	1	54.17
इंग्लैंड	19	9	9	1	40.79
पाकिस्तान	10	4	6	0	33.33
बांग्लादेश	10	3	7	0	27.5
वेस्टइंडीज	9	1	6	2	18.52

मुंबई,03 नवम्बर (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हरा दिया है। कीवियों ने बंगलूरू में पहला टेस्ट आठ विकेट से जीता था। इसके बाद पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की टीम ने 113 रन से जीत हासिल की थी। अब मुंबई में तीसरे टेस्ट को कीवी टीम ने 25 रन से अपने नाम किया। लगातार तीन हार ने टीम इंडिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह बेहद मुश्किल कर दी है। अब भारत को फाइनल से पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ना है। हालांकि, टीम इंडिया को यह सीरीज कंगारुओं के घर पर खेलनी है। फाइनल के लिए भारतीय टीम को श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने की उम्मीद है। भारतीय टीम को लगातार तीन टेस्ट हार से नुकसान हुआ है। टीम इंडिया पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है। भारत ने 2023-25 चक्र में अब तक 14 टेस्ट खेले हैं। इसमें से आठ में जीत हासिल की है और पांच में भारत को हार का सामना करना पड़ा है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारतीय टीम का अंक प्रतिशत 58.33 है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर पहुंच गई है। उसने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं और आठ में जीत हासिल की है। तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 62.50 है। श्रीलंका फिलहाल तीसरे स्थान पर है। उसका अंक प्रतिशत 55.56 है। न्यूजीलैंड की टीम को भारत में लगातार तीन टेस्ट जीतने से फायदा हुआ और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उसने अभी तक इस डब्ल्यूटीसी चक्र में 11 टेस्ट खेले हैं और छह में जीत हासिल की है। पांच में कीवी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 54.55 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने आठ में से चार मैच जीते हैं और तीन में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। दक्षिण अफ्रीका का अंक प्रतिशत 54.17 है। इंग्लैंड 40.79 अंक प्रतिशत के साथ छठे, पाकिस्तान 33.33 अंक प्रतिशत के साथ सातवें, बांग्लादेश 27.50 अंक प्रतिशत के साथ आठवें और वेस्टइंडीज 18.52 अंक प्रतिशत के साथ सबसे नीचे नौवें स्थान पर है। भारत को अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। किसी और टीम या नतीजे पर निर्भर रहे बिना फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को इन पांच में चार टेस्ट में जीत दर्ज करनी होगी और एक टेस्ट ड्रॉ करना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी हार भारत को दौड़ से बाहर कर सकता है। या फिर टीम इंडिया को अन्य नतीजों पर निर्भर रहना होगा। ऐसे में भारतीय टीम के लिए राह कठिन हो गई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट के अलावा श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। किसी और टीम या नतीजे पर निर्भर रहे बिना फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को इन सात में पांच टेस्ट जीतने हैं। भारत को श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से कड़ी टक्कर मिल रही है। श्रीलंका को अब कुल चार टेस्ट और खेलने हैं। इनमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर में और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में दो-दो मैचों की टेस्ट सीरीज शामिल है। श्रीलंका को बिना किसी निर्भरता के फाइनल में पहुंचने के लिए इन चारों टेस्ट को जीतना जरूरी है। वहीं, न्यूजीलैंड को अब इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इन तीनों टेस्ट में जीत से ही कीवी टीम फाइनल में पहुंच सकती है। एक भी हार से टीम को अन्य नतीजों पर निर्भर रहना होगा। दक्षिण अफ्रीका को अब श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ अपने घर में दो-दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। किसी और टीम या नतीजे पर निर्भर रहे बिना फाइनल में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका को ये चारों टेस्ट जीतने होंगे।

हमने शादी कर ली: दुल्हन के जोड़े में अचानक कोतवाली पहुंची प्रेमिका

मुरादाबाद,03 नवम्बर (एजेंसी)। उन्नीस दिन पहले घर से गया प्रेमी युगल शनिवार को कोतवाली पहुंच गया। प्रेमी युगल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से दिल्ली में शादी कर ली है। दोनों साथ-साथ रहना चाहते हैं। पुलिस ने दोनों को बालिग होने पर बिना किसी कार्रवाई के वहां से उन्हें भेज दिया। युवती के पिता ने पुलिस से शिकायत की थी। कोतवाली के गांव मुनीमपुर निवासी एक युवक का दूसरी जाति की युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने शादी करने का निर्णय कर लिया लेकिन दोनों के परिजन उनकी शादी के लिए तैयार नहीं थे। युवक दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसने अपनी प्रेमिका से उसके साथ दिल्ली चलने को कहा। प्रेमिका इसके लिए राजी हो गई। 15 अक्टूबर को दोनों किसी को बिना बताए अपने घर से चले गए। युवती के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने युवक के परिजनों पर दबाव डाला। युवती और युवक को पुलिस के सामने पेश करने की करने को कहा। परिजनों पर दबाव बढ़ने पर युवक शनिवार को अपनी प्रेमिका के साथ कोतवाली में पहुंचा। प्रेमिका दुल्हन के रूप में सजी थी। उसने पुलिस को बताया कि दोनों बालिग हैं और उन्होंने दिल्ली में शादी कर ली है। उन्होंने पुलिस को शादी के प्रमाण भी दिखाए। इस पर पुलिस ने कोतवाली से दोनों को जरूरी हिदायत देकर कोतवाली से भेज दिया।

एसओजी टीम पर हमला कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ाया

महिलाओं को आगे कर ग्रामीणों ने की हाथापाई, हथियार भी छीनने का प्रयास

शामली, 03 नवम्बर (बु.)। झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव डेरा थानु में एसओजी टीम के साथ ग्रामीण व महिलाओं ने विरोध करते हुए हाथापाई की और पकड़े गए हिस्ट्रीशीटर को छुड़ा लिया। ग्रामीणों ने पुलिस टीम से सरकारी हथियार भी छीनने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर किसी धोखाधड़ी के मामले में वांछित था, उसे पूछताछ के लिए पकड़ा था। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए महिलाओं समेत 12 से अधिक लोगों के खिलाफ झिंझाना थाने पर रिपोर्ट दर्ज की है।

रविवार शाम को एसओजी टीम झिंझाना क्षेत्र के गांव डेरा थानु में हिस्ट्रीशीटर चतरसैन बावरिया को पकड़ने गई थी। पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया था, लेकिन उसी समय परिवार के युवकों, महिलाओं और ग्रामीणों ने लाठी डंडों के साथ पुलिस टीम को घेर लिया और उनसे हाथापाई व धक्कामुक्की करते हुए आरोपी को छुड़ा लिया। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस से उनके हथियार भी छीनने की कोशिश की। महिलाओं ने एसओजी टीम को घेरकर कुछ समय तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान गांव में काफी देर तक हंगामा होता रहा। हंगामे व ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए एसओजी टीम वहां से जान बचाकर निकली। इस मामले में एसपी के आदेश पर एसओजी टीम की तरफ से झिंझाना थाने पर हिस्ट्रीशीटर चतरसैन, शिवम, कल्लू और 10-12 अज्ञात अज्ञात महिलाओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। बताया गया है कि एसओजी टीम पर हमले की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई थी। एसओजी टीम गांव से सीधे शामली आ गई थी। देर शाम घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अधिकारियों को घटना का पता चला। अधिकारियों ने एसओजी टीम से घटना की बारे में जानकारी की। इसके बाद एसपी के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि एसओजी टीम झिंझाना क्षेत्र के गांव डेरा थानु में धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई थी। वहां पर दो युवकों व कुछ महिलाओं ने लाठी डंडे लेकर पुलिस टीम का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली है। इस मामले में झिंझाना थाने पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

मीरापुर को साधने आज आ रहे सपा-भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। मीरापुर सीट पर हो रहे उपचुनाव में अपनी अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के पक्ष में जनता को साधने के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों का दौरान सोमवार को मीरापुर क्षेत्र में होने जा रहा है। सपा और भाजपा के नेताओं तथा प्रत्याशियों ने इस आयोजन के लिए तैयारी कर ली हैं। मीरापुर सीट पर 13 नवम्बर को उप चुनाव होने जा रहा है। ऐसे में अब दिन कम होने के कारण सपा और भाजपा सहित दूसरे दलों के बड़े चेहरों की रैलियां और सभाएं भी होने वाली हैं। सीएम योगी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के कार्यक्रम की चर्चाएं भी खूब चल रही हैं। ऐसे में अब इन्हीं चर्चाओं में सोमवार को सपा और भाजपा के प्रदेशाध्यक्षों के आने का कार्यक्रम बताया गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पार्टी की प्रत्याशी सुम्बूल राना के पक्ष में मोरना में चुनावी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे तो वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गठबंधन प्रत्याशी पूर्व विधायक मिथलेश पाल के लिए मीरापुर में सभा में शामिल होंगे। यहां पर रालोद और सपा के बीच ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

नेपाल विहार के दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव का भतीजा झील में बहा

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। परिवार के साथ शुक्रवार को नेपाल घूमने गया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खां का भतीजा मोहम्मद काब खां (12) नेपाली झील में बह गया है। नेपाल के बुटवल पालपा झील में बहे बालक की तलाश में नेपाली गोताखोर जुटे हैं। सपा नेता भी घटना की सूचना के बाद नेपाल पहुंच गये हैं। उन्होंने बताया कि तलाश हो रही है, झील के पानी का बहाव काफी तेज होने से अभी भतीजे का पता नहीं चल सका है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के हलधरमऊ गांव के मोहसिन खां परिवार के साथ शुक्रवार की सुबह घर से निकले थे। वह दोपहर तीन बजे नेपाल पहुंच गये। पहले तय किये बुटवल पालपा झील देखने के लिए रूके। झील में पत्थर के टुकड़े बढ़े- बढ़े पड़े थे, जिनके बीच से होकर झील बह रही थी। शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे झील देखने के लिए उनका बेटा मोहम्मद काब खां पत्थरों पर खड़ा होकर झील का नजारा देख रहा था। अचानक उसका पैर फिसला और बह रहे पानी में गिर गया। मोहसिन बताते हैं कि थोड़ी दूर तक वह बहते हुए दिखा और फिर पहाड़ी के बीच से होकर बह रही झील के आगे बढ़ने के बाद वह नहीं दिखा। इसके बाद सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई।

दिवाली समाप्त होते ही कोहरे की सफेद चादर से ढका हाइवे

मुजफ्फरनगर, 03 नवम्बर (बु.)। दिवाली समाप्त होते ही सर्दी और कोहरे ने मौसम का इशारा कर दिया है। रविवार को अब तक का सर्वाधिक कोहरा शहर और हाईवे दोनों पर दिखाई दिया। लम्बी दूरी तक घना कोहरा देखकर लोग हैरत में रह गये कि इतनी जल्दी कोहरा कैसे आ गया। आम तौर पर कोहरे के दिन दिसम्बर से शुरू होने माने जाते हैं और जनवरी तक लगातार कोहरे का सिलसिला जारी रहता है, मगर अचानक आये कोहरे ने बेशक रोजाना कोहरा होने की तरफ इशारा न किया हो, लेकिन सर्दियां आ गई हैं, इस ओर इशारा कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो आठ दिन पूर्व ही हल्की लोई और शॉल का प्रयोग शुरू कर दिया था, मगर अब शहरी क्षेत्रों में भी देर रात में कामकाज से आने वाले लोग अपने साथ गरम कपड़े लेकर चलने लगे हैं। माना जा रहा है कि मौसम विभाग के अनुसार इस बार ठण्ड भी कड़ाके की पड़ने की संभावना है। ठण्ड आते आते अभी लगभग 15 दिन और लग जायेंगे, मगर रविवार को कोहरे की दस्तक ने जल्द ही ठीक ठाक ठण्ड आने का इशारा कर दिया है।

सीएम योगी को जान से मारने की धमकी: मामले की जांच के लिए मुंबई जाएगी एटीएस की टीम

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी गई थी। ये धमकी महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को मैसेज करके दी गई थी जिसकी जानकारी महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी पुलिस को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए जाने वाले हैं। ऐसे में महाराष्ट्र की पुलिस अलर्ट पर है। मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।

मोदी और जेपी नड्डा से मिले सीएम योगी, प्रधानमंत्री को महाकुंभ 2025 में आने का दिया न्यौता

नई दिल्ली, 03 नवम्बर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पीएम मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम योगी पहले प्रधानमंत्री मोदी से मिले फिर उन्होंने नड्डा से मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ योगी की एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली। सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज आने का न्योता दिया। सूत्रों ने आगे बताया कि योगी और नड्डा ने राज्य में होने वाले आगामी उपचुनावों पर भी चर्चा की। 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई यह मुलाकात 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली आमने-सामने की चर्चा है। सीएम का यह दौरा 13 नवंबर को होने वाले महत्वपूर्ण उपचुनावों से कुछ दिन पहले हुआ है। उत्तर प्रदेश की कुल नौ विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं, जिनमें से पांच सीटें वर्तमान में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास हैं और चार सीटें विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के पास हैं। एक घंटे से अधिक समय तक चली यह मुलाकात दिवाली के बाद यूपी के मुख्यमंत्री की शिष्टाचार मुलाकात बताई जा रही है। हालांकि, राज्य की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनावों से पहले इसे अहम माना जा रहा है।

दीप जलाने के विवाद में चले लाठी-डंडे व गड़ासे, एक की मौत, सात घायल

प्रयागराज,03 नवम्बर (एजेंसी)। विवादित भूमि पर दीपक जलाने को लेकर हुए विवाद में उतरांव थाना क्षेत्र के आराकला कजरीगढ़ में जमकर मारपीट हुई थी। दोनों तरफ से लाठी-डंडे के साथ ही धारदार हथियारों का प्रयोग किया गया था। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे, जिसमें एक की मौत रविवार को हो गई। उतरांव थाना क्षेत्र के आरा कला कजरीगढ़ में दीपावली के दिन बृहस्पतिवार रात दीप जलाने के विवाद में एक पक्ष ने लाठी-डंडे और गड़ासे से हमलाकर पांच लोगों घायल कर दिया था। इनमें से एक युवक की हालत गंभीर बनी थी। पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में दर्ज मारपीट के मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम कर दिया गया है। आरा कला के कजरीगढ़ निवासी दिलीप कुमार दुबे के परिवार के लोग दीपावली के दिन दीप जलाकर रखने जा रहे थे। तभी गांव के रविशंकर, ध्रुवशंकर, दारा सिंह, राम अभिलाष सहित दर्जन भर लोग मौके पर पहुंचे और दीप जलाने का विरोध करते हुए गालीगलौज करने लगे। दिलीप के भाई पवन दुबे ने गालीगलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे सरिया व गड़ासे से उन पर हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से पवन जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। बीचबचाव के लिए पहुंचे पिता राजेंद्र दुबे, चाचा जितेंद्र, भाई इंद्र कुमार, प्रदुम दुबे सहित अन्य लोगों को आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। सभी के हाथ पैर व सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

बीच रास्ते मिली विमान को बम की धमकी; लैंडिंग के बाद हुई आपात जांच

लखनऊ,03 नवम्बर (एजेंसी)। बेंगलुरू से शनिवार को लखनऊ आ रहे विमान में बम रखने की धमकी मिली। इसके लखनऊ में लैंडिंग के बाद आनन-फानन विमान की जांच की गई। जांच में सूचना फर्जी पाई गई। मामला बेंगलुरू से लखनऊ आने वाले इंडिगो के विमान 6 ई 196 का है। विमान बेंगलुरु से दोपहर एक बजे रवाना हुआ था। सूत्र बताते हैं कि उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही बम की सूचना मिली। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी ने सूचना मिलने के बाद पायलट को सूचित किया। विमान दोपहर 3:36 बजे लखनऊ में लैंड हुआ तो सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हुईं और यात्रियों को निकालकर एयरपोर्ट ले जाया गया। इसके बाद विमान को आइसोलेशनवे पर ले जाकर सीआईएसएफ एवं बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच-पड़ताल की। विमान में सब सामान्य मिला। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से ओडिशा के झारसुगड़ा के लिए उड़ान भरने के बाद इंडिगो के विमान 6ई458 में बम की सूचना मिली। सेफ्टी को देखते हुए पायलट ने विमान को लखनऊ में लैंड कराने की एटीसी से अनुमति मांगी। विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान की जांच में सब सामान्य मिला। करीब 45 मिनट के बाद विमान को झारसुगड़ा के लिए उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई।

पुलवामा में हिजबुल आतंकवादी का कट्टर सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर, 03 नवंबर (वार्ता) सु